दिनांक–07.07.2024 समय–7.10एएम

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

**मुख्य समाचार-**

1- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- आगामी 5 वर्षों में प्रदेश का बजट 7 लाख करोड़ रुपये तक ले जाने का लक्ष्य।
2- प्रदेश में कल से शुरू हुआ साढ़े पांच करोड़ पौधे रोपने का महा अभियान।
3- श्योपुर-शिवपुरी, ग्वालियर में भारी बारिश से नदी-नाले उफान पर।
4- भारत और जिम्बाब्वे के बीच दूसरा टी-20 क्रिकेट मैच आज।

अब समाचार विस्तार से...

**बजट लक्ष्य**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अगले 5 वर्षों में प्रदेश का बजट 7 लाख करोड़ रुपये वार्षिक तक ले जाने के प्रयास किये जायेंगे। डॉ यादव कल उज्जैन में सेन्ट्रल इण्डिया चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित मध्य प्रदेश बजट सन्देश-2024 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार राज्य का बजट पिछले वर्ष के बजट की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है। बजट को विकासोन्मुखी बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिये बजट में कई महत्वपूर्ण प्रावधान किये गये हैं। उन्होंने कहा कि इस बार के बजट में प्रदेश के समग्र विकास के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट का 40 प्रतिशत औद्योगिक विकास के लिये निर्धारित किया गया है। उद्योग के लिये मूलभूत आवश्यकताओं में शामिल जमीन, पानी, बिजली, सड़क के लिये सुव्यवस्थित तरीके से कई कार्य योजनाएं बनाई जायेंगी। प्रदेश में छह नये एक्सप्रेस-वे बनाये जायेंगे। नये फोरलेन बनाये जायेंगे, पुराने मार्गों को दुरूस्त किया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र को और सुदृढ़ बनाने के लिये प्रदेश में 42 हजार चिकित्सकों तथा स्वास्थ्यकर्मियों के पद एकसाथ भरे जायेंगे।

**एक पेड़ मां के नाम**

प्रदेश में साढ़े पांच करोड़ पौधे रोपने का महा अभियान कल से शुरू हो गया है। भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पौधा रोपकर 'एक पेड़ मां के नाम' की शुरुआत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में एक वृक्ष का महत्व दस पुत्रों के समान माना गया है। वनस्पति के साथ-साथ नदी, पहाड़ आदि को जीवंत मानना हमारी संवदेनशील सांस्कृतिक परम्परा का

प्रतीक है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में संचालित "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान में सरकार ने भी प्रदेश में वृहद पौध-रोपण का संकल्प लिया है। इस क्रम में प्रदेश में पाँच करोड़ 50 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है। इंदौर में 51 लाख, भोपाल और जबलपुर जिले में 12-12 लाख पौधे लगाए जाएंगे। इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय शामिल हुए, इस दौरान श्री शुक्ल ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग विश्व व्यापी समस्या है और इस समस्या के निपटान के लिए आवश्यक है कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाएं। इसी क्रम में मध्य प्रदेश के सभी जिलों, नगर, गांव में  वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत शाजापुर में भैरव डूंगरी पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान यहां तीन हजार से अधिक पौधे रोपे गए।
डिंडोरी में भी कल 'एक पौधा मां के नाम' अभियान का शुभारंभ किया गया जिसके अंतर्गत नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने आम, जामुन, महुआ, बेल, अमरूद, अर्जुन आदि के पौधे रोप कर अंकुर ऐप पर अपने फोटो अपलोड किए।

**प्रधानमंत्री-रूस ऑस्ट्रिया यात्रा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस और ऑस्ट्रिया की तीन दिन की यात्रा पर कल रवाना होंगे। यात्रा के पहले चरण में, वे रुस की राजधानी मास्को में 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। श्री मोदी की यह यात्रा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के निमंत्रण पर हो रही है। सम्मेलन में दोनों देशों के बीच व्यापक संबंधों की समीक्षा होगी और आपसी हित के मुद्दों पर विचार-विमर्श होगा।

प्रधानमंत्री मंगलवार को ऑस्ट्रिया पहुंचेंगे।

**आकांक्षी**

दमोह में सम्पूर्णता अभियान के तहत दमोह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के राज्यमंत्री लखन पटेल, विधायक जयंत मलैया, जिला पंचायत सीईओ अर्पित वर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि दमोह जिला नीति आयोग के मापदंड के बराबर पर आ जाए इसके लिए यह कार्यक्रम 30 सितंबर तक चलाया जा रहा है।

वहीं विधायक जयंत मलैया ने कहा कि चिन्हित स्वास्थ्य, टीकाकरण, कृषि, सामाजिक विकास और शिक्षा जैसे 6 इंडिकेटर तय किये गये हैं। जिससे दमोह जिला और तरक्की कर सके। खंडवा में संपूर्णता अभियान के अंतर्गत खंडवा में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला कलेक्टर अनूप कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कृषि क्षेत्र में किए गए कार्यों का प्रस्तुतिकरण विभाग के अधिकारियों एवं किसानों के सामने किया गया। आकांक्षी विकास खंड छैगांवमाखन में संपूर्णता अभियान के कार्यक्रम का आयोजन कल किया गया।

**मौसम**

प्रदेश के कई जिलों में पिछले दो दिन से तेज बारिश हो रही है। श्योपुर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि शुक्रवार रात हुई बारिश से बड़ोदा कस्बा टापू बन गया और बाजारों में पानी भर गया। साथ ही मानपुर के निचले इलाकों में भी पानी भर गया।श्योपुर सहित असापास के क्षेत्रों में बारिश की वजह से बाढ़ के हालात पैदा हो गए हैं। वहीं कदवाल नदी का जलस्तर बढ़ने से गुप्तेश्वर मंदिर डूब गया, यहां रेस्क्यू कर पुजारी को बाहर निकाला गया। ग्वालियर में कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश लगातार हो रही है।लगातार बारिश से लोहामंडी कोटावाला मोहल्ला में एक खाली और जर्जर मकान ढह गया। शिवपुरी जिले में भी तेज बारिश से नदी नाले उफान पर हैं। उधर छतरपुर के श्री जटाशंकर धाम का झरना और शिवपुरी में भदैया कुंड का झरना फूट गया। मौसम विभाग के मुताबिक ट्रफ लाइन ग्वालियर-चंबल से गुजर रही है, जिससे इलाके में भारी बारिश हो रही है। विभाग ने आज भी ग्वालियर-चंबल संभाग के जिलो में तेज बारिश की संभावना जताई है। भोपाल,विदिशा,सीहोर, रायसेन में भी आज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है

**चारधाम यात्रा- स्थगित**

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा तेज़ वर्षा के अलर्ट के कारण आज स्थगित रहेगी। गढवाल के संभागीय आयुक्त विनय शंकर पांडे ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। उन्होंने वर्षा और भूस्खलन के कारण यात्रियों से ऋषिकेश से आगे यात्रा न करने और मौसम साफ होने पर ही आगे बढने की सलाह दी है।

मौसम विभाग ने उत्तराखंड के सभी जिलों में आज और कल मूसलाधार वर्षा का अलर्ट जारी किया है।

**भारत जिम्बाब्वे- दूसरा टी20**

भारत और जिम्बाब्वे के बीच दूसरा टी20 क्रिकेट मैच आज शाम साढे चार बजे से हरारे में खेला जाएगा। आकाशवाणी से मैच का आखों देखा हाल चार बजे से एफएम रेनबो और अतिरिक्त मीटरों पर प्रसारित किया जाएगा। पांच मैचों की श्रृंखला में मेजबान टीम को एक-शून्य की बढ़त प्राप्त है।

कल पहले मैच में, जिम्बाब्वे ने भारत को 13 रन से हराया। जिम्बाब्वे ने नौ विकेट पर 115 रन बनाये। जवाब में भारतीय टीम 102 रन ही बना सकी। पिछले आठ वर्ष में, टी20 क्रिकेट में यह भारत का सबसे कम स्कोर था।

अब कुछ समाचार संक्षेप में...

1 केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कल सपरिवार आगरमालवा जिले के नलखेड़ा पहुंचकर विश्व प्रसिद्ध पीताम्बरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी के दर्शन कर विधि-विधान से पूजन किया।

1- केन्द्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर कल धार जिले की सरदारपुर विधानसभा क्षेत्र में जन आभार रैली में शामिल हुई।
2- मुरैना जिले में कल एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य देखभाल ऑनलाइन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से मानसिक विकारों की रोकथाम, उपचार और पुनर्वास संबंधी जानकारी शहरी आशाओं को प्रदान की गई।
3- खण्डवा में अंतरा इंजेक्शन व छाया का प्रशिक्षण सिविल सर्जन कान्फ्रेन्स हॉल में कल सी.एच.ओ. एवं ए.एन.एम. को दिया गया। परिवार नियोजन गर्भ निरोधक अंतरा इंजेक्शन बच्चों में अंतराल का सरल साधन है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर-**

1- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- आगामी 5 वर्षों में प्रदेश का बजट 7 लाख करोड़ रुपये तक ले जाने का लक्ष्य।
2- प्रदेश में कल से शुरू हुआ साढ़े पांच करोड़ पौधे रोपने का महा अभियान।
3- श्योपुर-शिवपुरी, ग्वालियर में भारी बारिश से नदी-नाले उफान पर।
4- भारत और जिम्बाब्वे के बीच दूसरा टी-20 क्रिकेट मैच आज।

.....................................